सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 120 | इंदौर, शुक्रवार 15 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. आंदोलन 5वें दिन भी जारी: आयोग के झुकने के बाद भी छात्र नहीं हटने को तैयार, अब RO/ARO पर फंसा पेंच
2. Bihar Hooch Tragedy: बिहार में फिर जहरीली शराब कांड, सीवान में तीन लोगों की मौत; परिजन बोले- पीकर आए थे
3. Maharashtra: 'अब तो उद्धव शिवसेना ने भी बाला साहेब को हिंदू हृदय सम्राट कहना बंद किया', फडणवीस का राहुल पर तंज
4. Dev Diwali 2024: देवताओं की दीपावली के लिए सजी शिव की नगरी, पितरों-शहीदों के नाम जलेंगे दीप; गंगा स्नान जारी
5. Sri Lanka: संसदीय चुनाव में सत्तारूढ़ एनपीपी ने बनाई बढ़त, पूर्ण बहुमत को पार करने की संभावना

# मप्र में 10 करोड़ के मादक पदार्थ सहित 56 अरेस्ट

## 700 किलो चरस, गांजा सहित 11 वाहन जब्त

### डीजीपी के निर्देश पर तस्करों के खिलाफ अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । मध्य प्रदेश पुलिस ने गुरुवार को मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ मुहिम चलाई। इस दौरान 56 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 11 वाहन सहित 700 किलो अवैध मादक पदार्थ जब्त किया गया। इस मुहिम के दौरान भोपाल क्राइम ब्रांच ने एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर 8 किलो से ज्यादा चरस जब्त की है।

बरामद चरस की कीमत 8 करोड़ बताई जा रही है। मुहिम के पहले दिन डीजीपी सुधीर सक्सेना के निर्देश पर भोपाल सहित, खरगोन, सिवनी, छिंदवाड़ा और नीमच में बड़ी कार्रवाई हुई।



भोपाल क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी शेलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि, भोपाल में पकड़े गए तस्करों की पहचान आमिर कुरैशी, उसकी पत्नी जाहिदा दोनों निवासी काजीकेंप और प्रतीक मिश्रा निवासी पिपलानी के रूप में हुई। तीनों से दिल्ली नंबर की कार और 5 मोबाइल बरामद किए गए हैं।

### शहर के बाहर खपाया जाना था चरस

तीनों शहर के रास्ते कहीं और इसकी खेप भेजने की तैयारी में थे। क्राइम ब्रांच ने बरखेड़ा सालम जोड़ के पास से तीनों को गिरफ्तार किया। यह तीनों कब से मादक पदार्थ की सप्लाई कर रहे थे। इसका पता लगाया जा रहा है।

### जानिए प्रदेश में कहां, कितना मिला मादक पदार्थ

भोपाल में 8.4 किलो चरस, खरगोन में 378 किलो गांजा, सिवनी में 80 किलो गांजा, छिंदवाड़ा में 42.100 किलो और नीमच में 60 किलो डोडा चूरा पकड़ा गया। इसी तरह 37.58 ग्राम स्मैक, 649 ग्राम ब्राउन शुगर और 61 ग्राम एमडी भी शामिल है।

# जिंदा जले पति-पत्नी, हड्डियां और राख मिली

## आग से पूरे घर का सामान जला; पोटलियों में बांधकर ले जाने पड़े शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में घर में आग लगने से पति-पत्नी जिंदा जल गए। बिस्तर पर दोनों की हड्डियां और राख मिली। आग से पूरे घर का सामान जल गया। पुलिस को पोटलियों में बांधकर शवों को ले जाना पड़ा।**

घटना मिसरोद थाना क्षेत्र जाटखेड़ी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है। गुरुवार सुबह पड़ोसियों ने कमरे से धुआं उठते देखा तब मामले का खुलासा हुआ। बिस्तर पर दंपती के शव जली हालत में मिले। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

मृतकों की पहचान सतीश बिराड़े (26) और आमृपाली (24) के तौर पर हुई है। पुलिस का अनुमान है कि दंपती ने आग लगाकर सुसाइड किया होगा। हालांकि पुलिस का यह भी मानना है कि दुर्घटनावश आग लगने से हादसा हुआ होगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### परिवार की पिपलानी में फूलों की है दुकान

सतीश के माता-पिता, भाई-बहन समेत परिवार के अन्य लोग पिपलानी इलाके में फूल बेचने का काम करते हैं। करीब तीन साल पहले सतीश की शादी महाराष्ट्र निवासी आमृपाली से हुई थी। दोनों की संतान नहीं थी। सतीश और उसके परिवार के सदस्य नई बस्ती में ही पास-पास रहते हैं। शादी के बाद सतीश ने माता-पिता के घर के पास एक कमरे का घर बना लिया था। सतीश अपनी पत्नी के साथ इसी घर में रह रहा था।

### पड़ोसी दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे

गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे पड़ोसियों ने सतीश के कमरे से धुआं उठते देखा और उसके परिजनों को सूचना दी। घर का दरवाजा भीतर से बंद था, जिसे तोड़कर अंदर गए तो बिस्तर पर सतीश और आमृपाली के शव बुरी तरह से झुलसे हुए पड़े थे। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीषराज सिंह भदोरिया व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने बताया कि आगजनी में घर में रखे फ्रिज, कूलर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। जिस सिंगल बेड (पेटीनुमा दीवान) पर सतीश और आमृपाली सो रहे थे, उसका प्लाईबोर्ड भी पूरी तरह जलकर राख हो गया था। प्लाईबोर्ड जलने से दंपती के शव दीवान की पेटी में रखे बर्तनों पर जा गिरे। शव सोती हालत में पाए गए।

### तीन साल पहले हुई थी शादी

सतीश और आम्रपाली की शादी को करीब तीन साल हो चुके थे, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। इन दिनों सतीश की अपने माता-पिता से अनबन चल रही थी। इसके कारण उनकी बातचीत कुछ दिनों से बंद थी। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात कब आगजनी की घटना हुई, इसकी भनक पड़ोस में रह रहे माता-पिता को भी नहीं लगी।

### पुलिस ने कहा-पोटलियों में ले जाने पड़े शव

पुलिस ने बताया कि पति-पत्नी के शव बहुत बुरी हालत में जले हुए मिले हैं। शरीर से मांस पूरी तरह गायब हो गया है, केवल हड्डियां और राख बची है। दोनों को कपड़ों की दो पोटलियों में बांधकर जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि बिस्तर के पास ऐसी कौन-सी वस्तु थी जिससे आग फैल गई।

इंदौर नगर निगम और एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के बीच एमओयू

# 30 नवंबर से इंदौर क्लाइमेट मिशन लांच होगा सौ दिन में ग्लोबल लीडर बनने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सात बार से देश में स्वच्छता में नंबर वन आ रहा इंदौर अब कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में भी कीर्तिमान रचेगा। इसके लिए इंदौर नगर निगम ने एनर्जी स्वराज फाउंडेशन (ईएसएफ) के बीच एक एमओयू साइन किया है। इंदौर के लोगों और संगठनों के समर्थन से इंदौर क्लाइमेट मिशन का उद्देश्य नागरिकों को ऊर्जा में शिक्षित करना, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना और ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करके इंदौर को जलवायु कार्रवाई में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित करना है।




सौ दिन तक चलने वाला यह अनूठा मिशन 30 नवंबर से लॉन्च होगा। यह 1 दिसंबर से शुरू होकर 10 मार्च, 2025 तक चलेगा। इस मिशन के दौरान भारत के सोलर मेन प्रो. चेतनसिंह सोलंकी पूरे सौ दिनों तक इंदौर में ही रहेंगे। उनके नेतृत्व में ही यह मिशन पूरा किया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि अब इंदौर क्लाइमेट मिशन के साथ हम जलवायु परिवर्तन के अदृश्य खतरे को भी दूर करेंगे। यह मिशन केवल उत्सर्जन को कम करने के बारे में नहीं है, बल्कि एक स्थायी भविष्य के लिए जलवायु के प्रति जागरूक समुदाय बनाने के बारे में है।

आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर और एनर्जी स्वराज फाउंडेशन के संस्थापक प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने कहा इंदौर क्लाइमेट इस चुनौती का एक साहसिक जवाब है। यह इंदौर क्लाइमेट मिशन दुनिया भर के अन्य शहरों के लिए भी एक मॉडल बनेगा, इंदौर इससे ग्लोबल लीडर बनकर उभरेगा।

### यह है इंदौर क्लाइमेट मिशन का लक्ष्य

1. **ऊर्जा साक्षरताः** 3-5 लाख नागरिकों को ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन के बीच संबंधों के बारे में शिक्षित एवं जागरूक करना।

2. **बिजली खपत में कमीः** सम्पूर्ण शहर में बिजली की खपत में 7-10% की कमी लाना।

3. **व्यवहार परिवर्तनः** शिक्षण संस्थानों, व्यवसायों, सरकारी कार्यालयों और घरों को सतत एवं सार्थक अभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित करना, जिनसे कार्बन उत्सर्जन कम हो।

### पूरे सौ दिनों तक होगी साइक्लिंग

लगातार सौ दिन तक सौ क्लाइमेट परिचर्चा, सौ साइकिल रैली, सौ जलवायु चौपाल, और इतने ही ऊर्जा संरक्षण के लिए जस्ट स्किप इट कैम्पेन। इसके लिए थीम सांग भी जारी किया गया है। यह गीत अभियान के हिस्से के रूप में पूरे सौ दिनों तक इंदौर में बजाया जाएगा। इस गीत पर डांस स्टेप्स कोरियोग्राफ करने के लिए एक प्रतियोगिता की भी घोषणा की गई है।

---

इंदौर में होगी ईएजी ग्रुप की 41वीं बैठक

## 150 देशों के अतिथि आएंगे, मांडू-पर्यटक स्थल भी जाएंगे, पौधरोपण करेंगे




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 41वीं यूरेशियन ग्रुप प्लेनरी एंड वर्किंग ग्रुप्स की बैठक 25 से 29 नवंबर के बीच इंदौर में होगी। इसमें विभिन्न देशों के लगभग 150 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनके साथ ही भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश के मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस बैठक के लिए सरकार की तैयारियां जोरों पर हैं। भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव विवेक अग्रवाल ने गुरुवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में समीक्षा बैठक ली। बैठक में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद को हो रही फंडिंग के खिलाफ रणनीति बनाई जाएगी। यह बैठक भारत में 16 वर्षों के बाद हो रही है। बैठक में संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह और आयोजन से जुड़े सभी अधिकारी उपस्थित थे। अग्रवाल ने दिल्ली से आए अन्य अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर अतिथियों का भारतीय परंपरा के अनुसार स्वागत किया जाएगा। वहां प्रदेश की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की जाएगी। आईडीए के सीईओ आरपी अहिरवार इसके नोडल अधिकारी होंगे। सभी देशों के अतिथि जिन होटलों में ठहरेंगे, वहां मनी एक्सचेंज और हेल्थ चैकअप के काउंटर भी होंगे।

### ये कार्यक्रम भी होंगे

विदेशी अतिथियों को इंदौर के प्रमुख पर्यटन स्थलों, डेली कॉलेज और मांडू की सैर कराई जाएगी। सभी मेहमान आयोजन को यादगार बनाने के लिए पौधरोपण भी करेंगे। शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

---

## राजस्व महाअभियान 3.0 आज से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आज 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक के लिए राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व महाअभियान 3.0 शुरू किया जा रहा है। इस महाअभियान मे राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा। इस महाअभियान के दौरान राजस्व न्यायालयों में लंबित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती आदि प्रकरणों का निराकरण होगा। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण भी इसी दौरान एक माह में किया जाएगा। बता दें कि प्रदेश में राजस्व महाअभियान प्रथम और द्वितीय की सफलता के बाद शासन द्वारा इस राजस्व महाअभियान 3.0 को शुरू किया जा रहा है।

---

◆ सौम्या ग्रुप के चेयरमेन प्रवेश एवं श्वेता अग्रवाल ने किया

## एक्सिस बैंक की 5813वीं शाखा का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक्सिस बैंक की नई शाखा का उद्घाटन कल निरंजनपुर, इंदौर में सौम्या ग्रुप के चेयरमेन श्री प्रवेश अग्रवाल एवं श्वेता अग्रवाल के कर-कमलों से संपन्न हुआ।**

यह शाखा एक्सिस बैंक की 5813वीं शाखा है, जो ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोली गई है।



इस अवसर पर श्री प्रवेश अग्रवाल ने कहा, 'एक्सिस बैंक की इस नई शाखा का उद्घाटन हमारे लिए गर्व का विषय है हमें गर्व है कि हम इंदौर के विकास में भागीदारी निभा रहे हैं। एक्सिस बैंक की यह नई शाखा स्थानीय ग्राहकों को उन्नत बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करेगी और क्षेत्र में आर्थिक प्रगति को और सशक्त बनाएगी एवं समाज में वित्तीय समावेशन को और बढ़ावा देगा।'

इस नई शाखा के माध्यम से एक्सिस बैंक का उद्देश्य है कि ग्राहकों को उनकी आवश्यकतानुसार बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया जाए, जिससे वे आसानी से अपनी बैंकिंग जरूरतों को पूरा कर सकें। उद्घाटन समारोह में एक्सिस बैंक के सर्कल हेड सुबोध चौधरी, क्लस्टर हेड अशोक अग्रवाल, ब्रांच हेड बलवीर चौहान एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय व्यवसायी एवं सम्माननीय अतिथियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

---

राउंड टेबल एवं लेडीज सर्कल द्वारा सर्विस वीक का आयोजन ...

## कपड़े एवं खिलौने पाकर खिले बच्चों के चेहरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **राउंड टेबल इंडिया एवं लेडीज सर्कल इंडिया के इंदौर यूनाइटेड राउंड टेबल एंड इंदौर यूनाइटेड लेडीज सर्किल द्वारा दिवाली के पूर्व से चलाई जा रही डोनेशन ड्राइव से जुटाए गए उच्च वर्ग के खिलौने एवं कपड़ों को वितरण हेतु डोनेशन ड्राइव की गई। इन खिलौनों व कपड़ों को जरूरतमंद बच्चों के बीच वितरित किया गया, जिन्हें पाकर उनके चेहरों पर खुशियां आ गई।**



संस्था के दिव्यांशु गोयल एवं श्रुति माहेश्वरी ने बताया कि हमारी संस्थाएं शिक्षा के क्षेत्र में 26 वर्षों से कार्यरत होकर इंदौर में ही अब तक लगभग 10 से ज्यादा स्कूलों में 50 से अधिक क्लासरूम्स बनवा चुकी हैं एवं हर वर्ष अनेक समाजसेवी कार्य करती हैं एवं अपने उत्कृष्ठ कार्यों हेतु जानी जाती हैं। अपने फ्रीडम थ्रू एजुकेशन स्कीम के तहत शासकीय स्कूलों को गोद लेकर नए सुसज्जित एवं आधुनिक क्लासरूम निर्मित करती हैं एवं महिलाओं के लिए विशेष क्लासरूम निर्मित करती हैं जिससे लाखों बच्चे लाभान्वित होते हैं।

---

## परदेशीपुरा अग्रवाल पंचायत का अन्नकूट महोत्सव 17 को

**इंदौर।** परदेशीपुरा अग्रवाल पंचायत, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रचेतना महिला मडंल द्वारा रविवार 17 नवंबर को आईटीआई चौराहा स्थित मदन महल गार्डन पर 56 भोग, अन्नकूट महोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं खाटू श्याम भजन संध्या के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंचायत के अध्यक्ष गणेश गोयल, मंत्री अशोक ऐरन, नवयुवक मंडल के दिलीप अग्रवाल, पवन ऐरन तथा अग्र चेतना महिला मंडल की गायत्री मित्तल एवं आभा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रमों का शुभारंभ रविवार को सांय 6.30 बजे आरती पूजन के साथ होगा। शाम 7.30 बजे अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न स्पधार्ओं के पुरस्कार वितरण तथा सांय 8 बजे से प्रख्यात भजन गायक विशाल शर्मा एवं साथियों द्वारा भजन संध्या होगी।

# बाल दिवस के मौके पर बच्चों ने बोला पुलिस हमारी दोस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बच्चों को सुरक्षा संबंधी जानकारी देने के लिए इंदौर पुलिस बच्चों से मिले। सुश्री सोनू डाबरसुश्री सोनू डाबर एसीपी (महिला सुरक्षा शाखा/अजाक) ने कहा कि पुलिस सबके लिए है बड़ों से लेकर बच्चों के लिए। तुम्हें कहीं भी कभी भी डरना नहीं है। पुलिस तो सब की रक्षा करती है। फ्रेंडली माहौल बनाते ही बच्चे भी बातचीत करने बिल्कुल खुल गए। बाल दिवस के उपलक्ष में इंदौर पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा की टीम सृजन विद्यालय जे पी एस स्कूल सुंदर नगर बाणगंगा में पहुंची जहां क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ के सहयोग से आज सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सुश्री सोनू डाबर एसीपी (महिला सुरक्षा शाखा/अजाक) द्वारा सभी बालक बालिकाओं को बाल अधिकारों, बाल अपराध के बारे में संक्षेप में बताया व महिला अपराध के बारे में भी बताया साथ ही सुश्री डाबर द्वारा बताया की सभी बालक बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अपने शिक्षकों से, अपने करीबी से, पुलिस दीदी से या सृजन पुलिस टीम से अपनी बात को साझा करना है ।



उप निरीक्षक शिवम ठक्कर द्वारा सभी बालक बालिकाओं को सायबर अपराध के बारे में व मोबाइल इंटरनेट उपयोग करते समय ध्यान रखने वाली सावधानियों के बारे में बताया क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ के सचिव श्री सुनील शेखावत एवं इला फाउंडेशन की श्रीमती प्रियंका ठक्कर द्वारा बालक बालिकाओं को विद्यार्थी जीवन मैं अनुशासन व नैतिकता कितनी महत्वपूर्ण है इस बात पर संक्षेप में बताया इसके अलावा आज सृजन बालिका आद्या दुबे का जन्म दिवस भी सृजन टीम द्वारा केक व गिफ्ट देकर मनाया गया व आशीर्वाद स्वरुप उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम का संचालन द्वारा किया गया व आभार विद्यालय के संचालक श्री विजय दुबे द्वारा आभार व्यक्त कर सृजन कार्यक्रम की सराहना की ।

## नाबालिग को गुजरात के जामनगर में बेचा

### पीडिता भागकर इंदौर पहुंची और परिजनों को दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 17 साल की नाबालिग को दंपती द्वारा बेचने का मामला सामने आया है। आरोपी दंपती लडक़ी को घूमने के बहाने आने साथ कार में ले गए। इसके बाद गुजरात के जामनगर में ले जाकर उसे बेच दिया। पीड़िता वहां से भागकर इंदौर आई और अपनी मां को पूरी बात बताई। गुरुवार रात हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं की मदद से केस दर्ज कराया। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। वहीं आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## युवक का मिला शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा में शुक्रवार सुबह एक दुकान के बाहर युवक का शव पड़ा मिला। उसके सिर से खून निकल रहा था। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। पुलिस मामले में मृतक की शिनाख्त करने में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक घटना विधायक गोलू शुक्ला के घर के पास की है। यहां शुक्रवार को लोगो ने एक दुकान के बाहर युवक का शव पड़ा देखा। जिसके सिर में चोट के निशान है। टीआई के मुताबिक शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अरविंदो अस्पताल भेजा जाएगा। आसपास के लोगों ने रात में युवक को वहीं घूमते हुए देखा था। फिलहाल पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के साथ आसपास के सीसीटीवी कैमरों से घटना की जानकारी जुटाने में लगी है।

## बाइक सवार बदमाशों ने लूटा मोबाइल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तिलक नगर में डोमिनो पिज्जा कर्मचारी के साथ लूट की वारदात हो गई। वह ड्यूटी खत्म करने के बाद अपने घर जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उसे रास्ते में रोका और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

तिलक नगर पुलिस ने अंशुल धाकड़ निवासी मयूर नगर की शिकायत पर बाइक सवार तीन लुटेरों पर केस दर्ज किया है। आरोपी अंशुल का मोबाइल लूटकर फरार हुए है। पुलिस ने बताया कि अंशुल साकेत चौराहे पर डोमिनो पि'जा पर काम करता है। रात 1 बजे वह साइकिल से बंगाली चौराहे तरफ से जा रहा था। पिपल्याहाना में बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बाइक सवार तीन लडक़ों ने हाथ पर झपट्टा मार मोबाइल छीन कर फरार हो गए। अंशुल ने बताया कि वह साइकिल से उनके पीछे भी गया। लेकिन जल्दबाजी में गाड़ी का नंबर नही देख पाया। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

## घर में सो रही युवती से मनचले ने की छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। **एरोड्रम इलाके में घर में सो रही युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती ने आरोपी युवक के घर जाकर उसकी मां से शिकायत की। इस पर आरोपी की मां और बहनों ने मिलकर युवती के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने घटना से परेशान होकर फिनाइल पी लिया। उसे एमवाय ले जाया गया। यहां बयान के बाद पुलिस ने युवक और उसके परिवार की महिला पर केस दर्ज किया है। आरोपी को पुलिस ने गिर तार कर लिया।**

एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा के अनुसार एरोड्रम इलाके में रहने वाली 19 साल की युवती के बयान मे बाद निलेश वाकोडे के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया। उसकी मां सुमन, बहन सुपड़ा अ बोरे और छोटी उर्फ दीक्षा के खिलाफ मारपीट कर प्रताड़ित करने को लेकर कार्रवाई की गई है। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि वह एरोड्रम इलाके में माता-पिता के साथ रहती है। वह घर पर अकेली थी। दोपहर में माता-पिता काम पर गए हुए थे। वह सो रही थी। इसी दौरान बिल्डिंग में रहने वाला आरोपी कमरे में घुस आया। उसने बेड टच किया तो नींद खुली। देखा कि वह गलत हरकत कर रहा है, तो उसे धक्का देकर शोर मचाया। इस पर वह भाग गया। रात को वह निलेश की मां सुमन, बहन सुपडा से बात करने गई, तो उन्होंने हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी। चरित्र को लेकर भद्दे आरोप लगाए। इस पर घर पर पहुंची और दरवाजा बंद कर घर में रखी फिनाइल की टैबलेट खा ली और फिनाइल पी लिया। इसके बाद तबीयत बिगड़ गई। माता-पिता घर पहुंचे तो वह बेसुध मिली। उन्होंने सीधे एमवाय अस्पताल लाकर भर्ती कराया। होश में आने के बाद माता-पिता को घटना बताई। बयान के बाद पुलिस ने निलेश को गिरफ्तार कर लिया।

## शिविर लगाकर डीसीपी ने किया लंबित शिकायतों का निराकरण

### अधिनस्थ अफसरों को दिए निर्देश फरियादी की शिकायत पर तुरंत लें एक्शन

**इंदौर**। **जोन-4 में सीएम हेल्पलाइन की लंबित पड़ी शिकायतों का निराकरण करने के लिए डीसीपी त्रषिकेश मीणा ने स्वंय सुनवाई कर हाथों हाथ अधिकांश शिकायतों का निराकरण किया वहीं अधिनस्थ अफसरों को निर्देश दिए कि यदि फरियादी शिकायत लेकर थाने आता है तो तुरंत उसकी सुनवाई कर उसे संतुष्ट किया जाए ताकि पुलिस पर लोगों का भरोसा बढे।**

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने सभी डीसीपी को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित पड़ी शिकायतों का शिविर लगाकार निराकरण किया जाए। इसके बाद अलग अलग जोनों में शिविर लगाकर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। गुरूवार को जोन-4 में थाना जूनी इंदौर,भंवरकुआं, रावजी बाजार, अन्नपूर्णा, चंदननगर, द्वारकापुरी, सराफा, पंढरीनाथ, छत्रीपुरा थानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिविर लगाकर डीसीपी जोन-4 त्रषिकेश मीणा ने सुनवाई की। इस दौरान एडिशनल डीसीपी आनंद यादव,एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे,हेमंत चौहान, नंदनी शर्मा सहित इन सभी थानों के टीआई भी मौजूद थे। इस दौरान सालों से लंबित पड़ी शिकायतों का चंद घंटो के भीतर ही डीसीपी ने निराकरण कर दिया। वरना लोग न्याय के लिए थाने के चक्कर लगा रहे थे वहां सुनवाई नहीं हुई तो सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई लेकिन वहां भी मामला पेडिंग हो गया लेकिन अब जाकर उनकी समस्या को ना सिर्फ अफसरों ने सुना बल्कि हाथों हाथ निराकरण भी किया।

## दुकान में तोडफ़ोड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजेंद्र नगर इलाके में रेत मंडी स्थित शराब दुकान पर विवाद के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने फरियादी सुरजीत सिंह भदौरिया की रिपोर्ट पर आरोपी मुकेश राजौरिया पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि दुकान पर आरोपी आया और काउंटर पर चढने लगा। मैंने उसे मना किया तो गालियां दी उसने मारपीट की और तोडफ़ोड़ कर दी। बोला कि 'यादा तेज चलेगा तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

## 8 साल की बच्ची घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में एक सिरफिरे आरोपी ने घर पर पथराव कर दिया। पथराव में घर के कांच फूट गए और बाहर खेल रही 8 साल की बच्ची घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना बाणगंगा पुलिस के मुताबिक पीड़िता अर्चना रावत पति नंदकिशोर की शिकायत पर उसके पड़ोसी हिमांशु वागदरे निवासी कुशवाह नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अर्चना की बेटी ध्रुवी कांच लगने से गंभीर रूप से घायल हुई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी उनके घर के पास ही रहता है। बीती रात वह बेवजह उनके घर के दरवाजे पर पत्थर मार रहा था थोड़ी देर बाद ऊपरी मंजिल पर बने कमरे पर पत्थर फेंकने लगा जिससे वहां की खिडक़ी के कांच टूटे। ऊपर उनकी 8 साल की बेटी सो रही थी कांच सीधे उसके चेहरे पर लगे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## खाटू श्याम की भजन संध्या आयोजित


**इंदौर**। स्थानीय हीरा नगर स्थित चन्द्रगुप्त मौर्य चौराहे पर श्याम सेवादार गुप्ता परिवार के तत्वावधान में खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें खाटू श्याम का अलौकिक दरबार सजा कलाकारों ने बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इंदौर की भजन गायिका गौर शरण और सागर तिवारी के भजनों पर श्याम प्रेमियों ने भक्ति के रस में डूबकर भजन संध्या का आनंद लिया। श्याम सेवा गुप्ता परिवार ने धर्म प्रेमियों को मंच पर बुलाकर हवन में आहुति दिलाने, सम्मान प्रतीक पट्टा पहनाने एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की थी। कार्यक्रम आयोजक प्रतीक गुप्ता और रुद्र ठाकुर के अनुसार इस दौरान भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के अलावा मुख्य रूप से जय सिंह ठाकुर राजेंद्र राठौर, रोहित चौधरी और चंदू शिंदे भी मौजूद रहे।

# CBSE ने 10वीं 12वीं के पाठ्यक्रम में 15 प्रतिशत की कटौती

## एग्जाम में हुए कई बदलाव, 15 फरवरी से परीक्षाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के पाठ्यक्रम में कटौती की है। इसके अलावा भी बोर्ड एग्जाम में कई बदलाव किए गए हैं।सीबीएसई ने इंटरनल असेस्मेंट वैटेज को बढ़ा दिया है। अब 40% वैटेज इंटरनल असेस्मेंट का होगा। वहीं फाइनल बोर्ड परीक्षा का वैटेज 60% होगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परीक्षा में 50% प्रश्न प्रैक्टिकल नॉलेज और स्किल-बेस्ड होंगे। सीबीएसई बोर्ड के छात्रों को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के टाइमटेबल का इंतजार है। एग्जाम 15 फरवरी से शुरू होने वाले हैं। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड जल्द ही डेटशीट जारी हो सकती है।कोई भी आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं हुई है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट www.cbse.gov.in पर जाकर शेड्यूल डाउनलोड कर पाएंगे।



### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में हुए ये बदलाव

1- सीबीएसई ने इंटरनल असेस्मेंट वैटेज को बढ़ा दिया है। अब 40 प्रतिशत वैटेज इंटरनल असेस्मेंट का होगा। वहीं फाइनल बोर्ड परीक्षा का वैटेज 60 प्रतिशत होगा।

2- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परीक्षा में 50 प्रतिशत प्रश्न प्रैक्टिकल नॉलेज और स्किल-बेस्ड होंगे।

3- कुछ विषयों के उत्तरपुस्तिकाओं के लिए डिजिटल मूल्यांकन लागू किया जाएगा। इससे मूल्यांकन प्रक्रिया पारदर्शी और सटीक होता है।

4- अंग्रेजी साहित्य और सोशल साइंस जैसे चुनिंदा विषयों के लिए ओपन-बुक प्रारूप शुरू करने की योजना सीबीएसई बना रहा है।

### 44 लाख विद्यार्थी देंगे एग्जाम

सीबीएसई द्वारा जारी हालिया नोटिस के तहत इस साल भारत समेत अन्य 26 बाहरी देशों में परीक्षा का आयोजन होगा। 8,000 स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। करीब 44 लाख स्टूडेंट्स बोर्ड एग्जाम में शामिल होंगे। 1 जनवरी 2025 से प्रैक्टिकल एग्जाम शुरू होंगे। वहीं थ्योरी एग्जाम फरवरी में होंगे।

# बैंक में नकली सोना रखकर फाइनेंस कराने आए बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा

## तीन गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह जिले के हटा में संचालित एक गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी में नकली सोना जमा कर लोन लेने का मामला सामने आया है। जांच में सोना नकली होने का खुलासा होने पर फाइनेंस कंपनी के मैनेजर की शिकायत पर हटा थाना पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

हटा थाना टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि पवन पिता रामेश्वर अहिरवार (26) मणप्पुरम फाइनेंस बैंक में मैनेजर हैं। उन्होंने थाने आकर एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि 12 नवंबर की दोपहर एक लाल रंग की ऑल्टो कार (क्रमांक एमपी 21 सीए 2889) से दो युवक और एक नाबालिग बैंक आए थे। वे चार जोड़ी सोने की चूड़ियां, दो अंगूठियां, एक हार और दो झुमकी पर लोन फाइनेंस कराने के लिए लाए थे। लोन देने से पहले सोने की जांच कराई गई, तो वह नकली निकला। मामले की गंभीरता को देखते हुए तीनों युवकों के खिलाफ हटा थाने में धारा 319 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई। जांच में एक आरोपी सोनू पिता जितेंद्र मिश्रा (31) निवासी ग्राम मझौली जिला जबलपुर के रूप में पहचाना गया। गिरफ्तार के बाद उसने अपने साथी रामजी पिता नंदकुमार यादव (21) और एक नाबालिग लड़के के साथ इस घटना को अंजाम देने की जानकारी दी।

गुरुवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अब पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इसके पहले उन्होंने और कहां-कहां ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया है।

# 9 साल की चचेरी बहन से रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर के पनागर में चचेरे भाई द्वारा बहन से रेप का मामला सामने आए है। पनागर थाना पुलिस के मुताबिक, इलाके के एक गांव में रहने वाले 23 वर्षीय शीतल चौधरी ने 9 साल की चचेरी बहन के साथ रेप किया। आरोपी बच्ची को घर में अकेला देख करीब 2 माह से यह हरकत कर रहा था। बच्ची के माता पिता जब काम के सिलसिले से बाहर जाते तब आरोपी मौके देख बच्ची के साथ गलत काम करता। आरोपी ने पीड़िता को यह बात किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके चलते पीड़िता ने यह बात परिवार से छुपाए रखी। बच्ची के माता-पिता ने बताया कि आरोपी शीतल उनका रिश्तेदार है, इसलिए उसका घर आना जाना होता था। कभी ऐसा नहीं लगा कि वह हमारी बेटी के साथ ऐसा कुछ कर सकता है। पीड़िता आरोपी को राखी भी बांधती थी।

# सीएम ने गुरुद्वारा में माथा टेका गुरुनानक जयंती की दी शुभकामनाएं

## 17 नवंबर को CM निवास पर होगा प्रकाश पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुनानक जयंती के अवसर पर भोपाल के अरेरा कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर श्रद्धा से माथा टेका और प्रदेशवासियों को गुरुनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गुरु नानक देव जी के योगदान को याद करते हुए उन्हें अखंड भारत का प्रणेता बताया।



मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गुरुनानक जयंती की बधाई देते हुए कहा कि गुरु नानक जी ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने जीवनभर सच्चाई, अच्छाई, बराबरी और मानवता के लिए काम किया। वे अखंड भारत के प्रणेता थे और आज भी उनकी शिक्षा पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है। डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की कि 17 नवंबर को मुख्यमंत्री निवास पर प्रकाश पर्व का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेशवासियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भी शुभकामनाएं दीं।

''सतनाम श्री वाहेगुरु''

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिख धर्म के संस्थापक, परम श्रद्धेय श्री गुरु नानक देव जी की जयंती पर अरेरा कॉलोनी, भोपाल स्थित गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और सबके मंगल के लिए प्रार्थना की।

# भस्म आरती में आज से रिस्ट बैंड की व्यवस्था शुरू कलेक्टर ने पहले दिन किया प्रक्रिया का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा और समाजसेवी अभय यादव ने शुक्रवार को भस्मारती की व्यवस्थाओं और भस्मारती प्रवेश की नई प्रक्रिया का निरीक्षण किया।**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन परंपरानुसार होने वाली भस्मारती में लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंदिर प्रबंध समिति ने प्रवेश व्यवस्था में बदलाव किया है। अब भस्मारती में शामिल होने वाले भक्तों को आरएफआईडी रिस्ट बैंड के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा, जिससे केवल योग्य व्यक्ति ही भस्मारती में प्रवेश कर सकें। मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ ने बताया कि आज से भक्तों को आरएफआईडी रिस्ट बैंड के जरिए भस्मारती में प्रवेश देने की नई प्रक्रिया शुरू की गई है। जनरल श्रेणी के भक्तों को श्री महाकाल महालोक स्थित मानसरोवर भवन से और प्रोटोकॉल धारकों को अवंतिका द्वार (द्वार क्रमांक 01) से प्रवेश दिया जाएगा। भक्तों को अपना मोबाइल नंबर बताना होगा, जिसके बाद रिस्ट बैंड पर क्यूआर कोड प्रिंट करके तत्काल प्रदान किया जाएगा। इस व्यवस्था से अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को रोका जा सकेगा। भस्मारती और मंदिर की सभी व्यवस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति हमेशा प्रयासरत रहती है। दर्शन संबंधी अन्य जानकारी और शिकायतों के लिए मंदिर प्रबंध समिति की वेबसाइट www.shrimahakaleshwar.com पर जाएं या टोल-फ्री नंबर 18002331008 पर संपर्क कर सकते हैं।



# मंत्रियों को भी मिल सकते हैं तबादले के अधिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश में दो वर्ष से तबादलों पर लगे प्रतिबंध को सरकार अभी पूरी तरह से नहीं हटाएगी। मंत्रियों को जिले के भीतर और विभाग में सीमित तबादले करने का अधिकार अवश्य दिया जा सकता है। दरअसल, अभी जितने भी तबादले हो रहे हैं, उसके लिए प्रस्ताव मुख्यमंत्री समन्वय में भेजने पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण प्रस्ताव काफी दिनों तक लंबित रह जाते हैं। इसका असर कामकाज पर पड़ रहा है।

उधर, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने भी तबादले के लिए पहुंची अधिकतर फाइलें वापस लौटा दी हैं। तत्कालीन शिवराज सरकार ने वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए तबादलों पर प्रतिबंध नहीं हटाया था। चुनाव के बाद मोहन सरकार ने भी इसे जारी रखा। लोकसभा चुनाव के बाद संभावना थी कि कुछ समय के लिए प्रतिबंध हटा दिया जाएगा पर इस बारे में निर्णय लगातार टलता रहा। मंत्रियों ने पिछले दिनों अनौपचारिक चर्चा में मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव से तबादला नीति जारी करने की बात कही तो उन्होंने दीपावली के बाद देखने का आश्वासन दिया था। सूत्रों का कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादला नीति का प्रारूप तैयार करके रखा है। मुख्यमंत्री की हरी झंडी मिलते ही इसे जारी कर दिया जाएगा। चूंकि, अब परीक्षाओं का समय आ गया है, इसलिए बड़ी संख्या में तबादले करने के पक्ष में कोई नहीं है। उसके बाद भी विभागों में प्रशासनिक व्यवस्था बनाने के लिए मंत्रियों को तबादले करने के कुछ अधिकार दिए जा सकते हैं।

## संपादकीय

# सख्ती से रोक, लेकिन हिंसा जारी

परिचय के नाम पर रैगिंग के दौरान प्रताड़ित करने का चलन अगर सख्त पाबंदी के बावजूद आज भी कायम है तो यह इस प्रथा पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए उठाए गए कदमों पर सवालिया निशान है। गौरतलब है कि रैगिंग का विरोध करने पर नोएडा के एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रावास में कनिष्ठ विद्यार्थियों की पिटाई की गई। विचित्र है कि यह मामला एक महीने तब तक दबा रहा, जब तक कि एक पीड़ित छात्र ने थाने में शिकायत नहीं दर्ज कराई। उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के विरुद्ध सख्त नियमों और अदालतों के साफ दिशा-निर्देशों के बावजूद नए विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने या उनके खिलाफ हिंसा की खबरें अक्सर आती रहती हैं। कई बार ऐसा लगता है कि सख्त नियम-कायदे के बावजूद रैगिंग करने वाले युवाओं के भीतर कानून का भी न कोई डर है, न उन्हें अपने भविष्य की कोई चिंता है। निचली कक्षाओं के विद्यार्थियों पर रौब जमाना या किसी को प्रताड़ित करना यह बताता है कि कुछ युवाओं में दमन की कुंठित मानसिकता काम करती रहती है। किसी उच्च शिक्षण संस्थान में दाखिला लेकर कालेज आने वाले विद्यार्थी को जब उनके वरिष्ठ छात्र शुरुआती दौर में ही शारीरिक और मानसिक पीड़ा पहुंचाने के लिए अभद्र व्यवहार करते हैं, तो उसकी स्मृति नवोदित विद्यार्थी के मन-मस्तिष्क में अंकित हो जा सकती है। वह वर्षों इससे उबर नहीं पाता। शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण की अपेक्षा की जाती है। इस संदर्भ में रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम-कायदे तय किए गए हैं। शीर्ष न्यायालय कई साल पहले सभी शिक्षण संस्थानों में रैगिंग विरोधी कानून सख्ती से लागू करने का आदेश दे चुका है। दोषी छात्रों को तीन साल जेल और जुर्माने का प्रावधान है। नियमों का पालन न करने पर संस्थानों की मान्यता रद्द करने का भी निर्देश है। फिर भी रैगिंग के बहाने आज भी दूसरों को प्रताड़ित करने और उपहास उड़ाने की प्रवृत्ति खत्म नहीं हुई है। ध्यान रखने की जरूरत है कि रैगिंग का शिकार विद्यार्थी प्रताड़ना और अपमान को भूल नहीं पाता। ऐसी घटनाओं के बाद कुछ पीड़ितों ने खुदकुशी भी कर ली। निस्संदेह ऐसे मामले न केवल मानवाधिकारों का हनन हैं, बल्कि गरिमा के विरुद्ध भी हैं।

**अर्ज किया है..!**

*मैं अपने जिस्म के अंदर*
*न दफ़्न हो जाऊँ*
*मुझे वजूद के गिरते हुए*
*मकाँ से निकाल*

*- जीम जाज़िल*

## OSHO कहिन

**यदि आप खुद अपनी कंपनी का आनंद नहीं लेते हो तो और कोई उससे आनंदित कैसे हो सकता है।**



## महिला जगत

# 50 साल की गृहिणी बनी बॉडी बिल्डर, जानिए कौन हैं किरण डेंबला

50 साल की किरण डेंबला गृहिणी हैं जो हर उस महिला के लिए मिसाल बन चुकी हैं जो शादीशुदा और मां होते हुए भी कुछ कर गुजरने की चाह रखती हैं। आइए जानते हैं किरण डेंबला की उपलब्धि के बारे में, जिसने उन्हें दुनियाभर में अलग पहचान दिलाई।





साइना नेहवाल, फोगाट बहनों, गंगूबाई काठियावाड़ी, गुंजन सक्सेना और मेरी कॉम समेत तमाम भारतीय महिलाओं पर बायोपिक आ चुकी है। बड़े पर्दे हमने इन महिलाओं के संघर्ष का सफर देखा। ऐसी ही महिलाओं की सूची में एक नाम और शामिल हो गया है, जिनके जीवन पर बायोपिक बनने का ऐलान किया गया है। 50 साल की किरण डेंबला गृहिणी हैं जो हर उस महिला के लिए मिसाल बन चुकी हैं जो शादीशुदा और मां होते हुए भी कुछ कर गुजरने की चाह रखती हैं। आइए जानते हैं किरण डेंबला की उपलब्धि के बारे में, जिसने उन्हें दुनियाभर में अलग पहचान दिलाई।

### कौन हैं किरण डेंबला

किरण डेंबला बॉडीबिल्डिंग की दुनिया में उभरता हुआ सितारा हैं। 50 की उम्र में अपनी फिटनेस के लिए मशहूर किरण डेंबला दो बच्चों की मां हैं। किरण पेशे से सेलिब्रिटी फिटनेस विशेषज्ञ और बॉडीबिल्डर भी हैं। बॉडी बिल्डिंग जैसे पुरुष प्रधान क्षेत्र में किरण डेंबला की उपलब्धि सराहनीय है। एक गृहिणी से विश्व चैंपियनशिप में भारत का नेतृत्व करने तक उनकी कहानी महिलाओं के लिए प्रेरणा है।

### 40 की उम्र में बनाए सिक्स-पैक एब्स

किरण ने सात महीनों में 24 किलो वजन घटाकर सबको हैरान कर दिया। इसके बाद उन्होंने खुद का जिम खोला और 40 की उम्र में अपने सिक्स पैक एब्स बनाएं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ ही लोगों की नकारात्मक सोच भी उनके खिलाफ थी। ट्रोलिंग का सामना करने के बाद भी किरण डटी रहीं और कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

### प्रभास समेत कई सेलेब्स की रह चुकी हैं ट्रेनर

यहां से उनका सफर एक गृहिणी से फिटनेस विशेषज्ञ के तौर पर शुरू हुआ। बुडापेस्ट में विश्व बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2013 में हिस्सा लिया और छठे स्थान पर रहीं। उन्होंने सबसे खूबसूरत शरीर का खिताब अपने नाम किया। वह कई सेलेब्स जैसे प्रभास, एसएस राजामौली, तापसी पन्नू की फिटनेस ट्रेनर रह चुकी हैं। उनमें हुनर की कोई कमी नहीं। किरण शास्त्रीय गायक, डीजे कलाकार, पर्वतारोही और प्रशिक्षित फोटोग्राफर भी हैं।

Bihar

# बिहार में गरीबों के लिए मुसीबत बन चुकी है शराबबंदी पटना हाईकोर्ट ने की तीखी आलोचना

**पटना, (एजेंसी)** पटना हाईकोर्ट ने एक पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ जारी किए गए डिमोशन के आदेश को रद्द करते हुए बिहार के शराबबंदी कानून पर गंभीर टिप्पणियां की हैं। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि शराबबंदी कानून बिहार में शराब और अन्य अवैध सामानों की तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। कोर्ट ने कहा कि बिहार प्रोहिबिशन एंड एक्साइज एक्ट, 2016 को राज्य सरकार द्वारा नागरिकों के जीवन स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने के उद्देश्य से लागू किया था, लेकिन यह कानून कई कारणों से इतिहास की गलत दिशा में चला गया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह




फैसला न्यायमूर्ति पूर्णेंदु सिंह द्वारा 29 अक्टूबर को सुनाया गया था और 13 नवंबर को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर फैसला अपलोड किया गया। कोर्ट का यह फैसला मुकेश कुमार पासवान द्वारा दायर की गई याचिका के जवाब में आया।

**पुलिस की हो रही मोटी कमाई-** न्यायमूर्ति सिंह ने अपने फैसले में कहा, 'पुलिस, एक्साइज, राज्य वाणिज्यिक कर और परिवहन विभागों के अधिकारी इस शराबबंदी का स्वागत करते हैं, क्योंकि उनके लिए यह कमाई का जरिया है। शराब तस्करी में शामिल बड़े व्यक्तियों या सिंडिकेट ऑपरेटरों के खिलाफ बहुत कम मामले दर्ज होते हैं। वहीं, शराब पीने वाले गरीबों या नकली शराब के शिकार हुए लोगों के खिलाफ अधिक मामले दर्ज किए जाते हैं।

New Delhi

## सावधान! दिल्ली-NCR की हवा में सांस लेना मुश्किल, एयर क्वालिटी 'गंभीर', AQI 450 के पार



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में दिवाली के बाद से प्रदूषण का स्तर लगातार खराब होता जा रहा है. प्रदूषण के कारण लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं, इसको देखते हुए आज, 15 नवंबर 2024 से ग्रेप-3 लागू कर दिया गया है. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में स्मॉग की परत देखने को मिली. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड(CBCP) के अनुसार, दिल्ली का AQI कई क्षेत्रों में 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है. स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राइमरी स्कूलों में फिजिकल क्लासेस अगले आदेश तक स्थगित करने का फैसला लिया गया है. बता दें कि दिल्ली का औसतन 24 घंटे का AQI सुबह 7 बजे भी गंभीर श्रेणी में है. सुबह 7 बजे दिल्ली का औसत AQI 409 दर्ज किया गया है. पिछले 48 घंटों से AQI लगातार गंभीर और गंभीर प्लस श्रेणी में बना हुआ है. अभी भी हवा की गति धीमी है और तापमान कम है. साथ ही आर्द्रता भी अधिक होने के कारण चारों ओर स्मॉग की चादर दिखाई दे रही है. दिन के समय हवा की गति बढ़ने और तापमान में वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे धुंध छंटने में मदद मिलेगी. सुबह 6.30 बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता लगभग 500 मीटर थी. दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने ट्वीट किया, 'कल सुबह 8:00 बजे से GRAP-III के कार्यान्वयन के मद्देनजर, कल से कार्यदिवसों पर 20 अतिरिक्त ट्रिप (GRAP-II के कार्यान्वयन के बाद से पहले से लागू 40 ट्रिप के अतिरिक्त) शुरू की जाएगी।

Uttarpradesh

## लेने गया था मीट, इंसान को ही काट आया; नोएडा में खौफनाक वारदात, लोग बनाते रहे वीडियो

**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा के सेक्टर-117 स्थित सोरखा गांव में गुरुवार दोपहर मीट की दुकान पर दो ग्राहकों में विवाद हो गया। एक ग्राहक ने दूसरे पर चाकू से पहले दुकान में वार किए। पीड़ित मदद के लिए भागा तो आरोपी ने पीछा कर युवक पर तब तक वार किए, जब तक उसकी जान नहीं नहीं चली गई। घटना के बाद आरोपी मौके पर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर आरोपी को पकड़ने के लिए तीन टीम बना दी हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। मूलरूप से मेरठ निवासी शहजाद पिछले कुछ वर्षों से सोरखा गांव में किराये के घर में पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहता था और कार चलाता था। वह गुरुवार दोपहर दो बजे गांव में बीकानेर स्वीट्स के सामने मीट की दुकान पर गया था। पुलिस के मुताबिक वहां पर किसी बात को लेकर बंगाली ग्राहक का शहजाद से विवाद हो गया। आरोपी बंगाली ने दुकानदार से चाकू लेकर शहजाद के पेट में मार दिया। शहजाद पेट पकड़कर मौके से भागा और लोगों से मदद की गुहार लगाते हुए 40 मीटर आगे जाकर तिराहे की पुलिया पर बैठ गया।

New Delhi

## पल भर में उड़ी जिंदगी भर की कमाई! डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड इंजीनियर से ठगे ₹10 करोड़

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली (Delhi) के रोहिणी में रहने वाले एक बुजुर्ग (70) की जिंदगी भर की कमाई ठगों ने पल भर में ऐंठ ली. इसके लिए सायबर अपराधियों ने पहले उन्हें डिजिटल अरेस्ट किया और उसके बाद 10 करोड़ रुपए से ज्यादा ट्रांसफर करवा लिए. सायबर अपराधियों ने बुजुर्ग से कहा कि उनके पार्सल में ताइवान से कई प्रतिबंधित दवाएं आई हैं. बुजुर्ग डर गए और फिर ठगों ने पुलिस बन कर खातों में जमा रकम एक हजार से ज्यादा अलग-अलग अकाउंट्स में जमा करवा लिया. ठगों ने रिटायर्ड इंजीनियर से 10 करोड़ 30 लाख रुपए ठग लिए. पुलिस ने अब तक 60 लाख रुपए की रकम फ्रीज करवाई है.

ठगों ने करीब आठ घंटे तक पीड़ित को वीडियो कैमरे के सामने बैठे रहने को मजबूर किया



और इस दौरान पूरे परिवार को केस में फंस जाने का डर दिखाया. फिर मदद के नाम पर बुजुर्ग के खातों में जमा सारी रकम अपने बैंक एकाउंट में जमा करवा लिया. अचानक आई एक कॉल से 70 साल के बुजुर्ग जब पूरी तरह से लुट गए, तो उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हो चुकी है.

खेल

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में भारत की लगातार तीसरी जीत

## थाईलैंड को 13-0 से हराया

**राजगीर, (एजेंसी) युवा स्ट्राइकर दीपिका के पांच गोल की मदद से गत चैंपियन भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को थाईलैंड को एकतरफा मुकाबले में 13-0 से हरा दिया। यह भारतीय हॉकी टीम की महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरी जीत है। इस जीत के साथ अब उनका सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय हो गया है।**

भारत के लिए दीपिका (तीसरे, 19वें, 43वें, 45वें और 45वें मिनट) के पांच गोल के अलावा प्रीति दुबे (नौवें और 40वें मिनट), लालरेमसियामी (12वें और 56वें मिनट) और मनीषा चौहान (55वें और 58वें




मिनट) ने दो-दो गोल दागे। ब्यूटी डुंग डुंग (30वें मिनट) और नवनीत कौर (53वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत ने इससे पहले मलयेशिया को 4-0 से हराया था जबकि करीबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3-2 से शिकस्त दी थी। भारत अपना अगला मैच शनिवार को ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के खिलाफ खेलेगा।

सिनेमा

## बादशाह पर धोखाधड़ी का आरोप, 'बावला' सॉन्ग से जुड़ा है मामला, पेमेंट रोकी तो कंपनी ने कोर्ट में घसीटा




बीते दिनों 'ब्राउन रंग' गाने पर हक को लेकर सुर्खियों में रहे रैपर बादशाह फिर एक बार विवादों में हैं। बादशाह पर आरोप है कि उन्होंने एक लीगल कॉन्ट्रैक्ट तोड़ा है और तय फीस का भुगतान कंपनी को नहीं किया। एक मीडिया कंपनी का कहना है कि 'बावला' सॉन्ग के प्रोडक्शन और प्रमोशन संबंधी सभी सेवाएं देने के बावजूद रैपर ने तय फीस का भुगतान नहीं किया। यह मामला करनाल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में कराया गया है जिसमें बादशाह पर आरोप है कि कई दफा याद दिलाए जाने के बाद भी पेमेंट ना करने के बाद उनके खिलाफ यह लीगल एक्शन लिया गया है। जुगनू और सैटर्डे सैटर्डे जैसे गाने बना चुके बादशाह पर आरोप है कि बार-बार याद दिलाए जाने और फॉलो अप लिए जाने के बावजूद सिंगर ने सिर्फ झूठे आश्वासन दिए और पेमेंट की डेडलाइन को टालते रहे। जबकि उन्होंने सही मायने में कंपनी पर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बता दें कि 'बावला' सॉन्ग काफी तेजी से पॉपुलर हुआ है और इस गाने ने बादशाह और अमित को काफी पॉपुलैरिटी दिलाई है। इसे बादशाह के पर्सनल चैनल पर रिलीज किया गया था जिससे इस पर 151 से ज्यादा व्यूज सिर्फ यूट्यूब के जरिए आ चुके हैं।

## Highlights

1. Delhi's air quality in 'severe' category for 3rd straight day
2. Will give subsidised cylinders to even 'infiltrators' in J'khand: Congress' Mir
3. Insult to a Marathi woman: BJP on Kanhaiya's remark on Dy CM's wife
4. Wayanad, where Priyanka made poll debut, sees lowest-ever turnout
5. Sena (UBT) insulted Balasaheb, gave remote control to Congress: PM

# Reliance, Disney India complete media assets merger for ₹70000 crore joint venture




**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Limited (RIL) has completed the merger of its media assets with the India business of Walt Disney for an $8.5 billion ( ₹70,352 crore) joint venture (JV) that will be controlled by the Mukesh Ambani-led conglomerate.

As announced earlier, Reliance Foundation Chairperson Nita Ambani will head the JV, in which RIL has invested $1.4 billion ( ₹11,500 crore).

Speaking on the merger, RIL chairman Mukesh Ambani called it "a transformational era" for the Indian media and entertainment industry.

"Our deep creative expertise and relationship with Disney, along with our unmatched understanding of the Indian consumer will ensure unparalleled content choices at affordable prices for Indian viewers. I am very excited about the JV's future," a statement quoted him as saying.

Other key people: Ex-Walt Disney executive Uday Shankar is the project's Vice Chairperson. Shankar will provide "strategic guidance," according to an official statement.

Who gets how much stake: Reliance holds a 63.16% stake, of which 16.34% is with RIL and 46.82% with Viacom18. The remaining 36.84% stake is with Walt Disney.

About the JV: It will be among the largest media and entertainment companies in India with pro forma combined revenue of $3.1 billion (approximately ₹26,000 crore) for the fiscal year ending in March 2024.

The JV operates more than 100 TV channels and produces 30,000+ hours of TV entertainment content annually. It holds a portfolio of sports rights across cricket, football and other sports.

# 'I can't help falling in love with you': Narayana Murthy sings Elvis classic, dedicates it to wife Sudha Murty

**NEW DEIHI, (Agency).** A video capturing Narayana Murthy's romantic side has gone viral on social media. The Infosys co-founder sang an Elvis Presley classic at an event and reportedly dedicated the beautiful track to his wife, Sudha Murty.

"Infosys co-founder N. R. Narayana Murthy sings an Elvis classic at the Global Leadership Summit, dedicating it to his wife, Sudha Murthy!" Moneycontrol wrote as the outlet shared a video of the moment on Instagram.

What did social media say?



"He has good taste in music," wrote an Instagram user. Another added, "He knows the real music tho." A third expressed, "Pookie mode on." Many reacted to the share using heart emoticons.

Narayana Murthy And Sudha Murty:

Narayana Murthy and Sudha Murty were recently featured as guests on The Kapil Sharma Show. The couple talked about their love story and their 46-year marriage, sharing lessons and anecdotes.

The couple revealed that they met four years before they tied the knot in 1978. When asked how Narayana Murthy felt after meeting Sudha Murty, he said, "Meeting her was a breath of fresh air. She has always been positive, kind, and very talkative. She wanted a good listener... So, she was happy, and I was happy."

# रात के समय होने लगा हल्की ठण्ड का अहसास

## रात का पारा लुढ़का 16 डिग्री के करीब, उत्तरी हवाएं चलने से बढ़ेगी सर्दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में तीन दिनों से दिन और रात के तापमान में हल्की गिरावट आई है। दिन का तापमान 30 डिग्री तो रात का तापमान 16 डिग्री के करीब है। इससे देर रात से हल्की सी ठंड का अहसास होने लगा है। हालांकि अभी कड़ाके की ठंड के आसार नहीं हैं। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 15 नवंबर के बाद हवा की दिशा उत्तरी हुई तो फिर धीरे-धीरे सर्दी बढ़ेगी। अभी दो-तीन दिन तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव रहेगा।**

अब हर दिन बीतने के साथ ठंड का दायरा भी बढ़ रहा है। देर रात से तड़के तक मामूली ठंड महसूस हो रही है। दिन का तापमान 30 डिग्री कम दर्ज होने लगेगा तो दिन में भी ठंड का एहसास होने लगेगा। वैसे दिन के तापमान में अभी गिरावट के ज्यादा आसार नहीं हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद ही तापमान में ज्यादा गिरावट आएगी। पिछले तीन दिनों से रात का तापमान क्रमशः 16.9 (+2) डिग्री , 16.8 (+2) डिग्री और 16.2 (+1) डिग्री सेल्सियस रहा है। ऐसे ही 24 घंटों मे दिन का तापमान 30.8 (0) डिग्री से 30.2 (0) डिग्री सेल्सियस पर आया है। तीन दिनों से दिन का तापमान सामान्य जबकि रात का तापमान कल से सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा बना हुआ है।

# सिल्वर मॉल में मिला गंदगी का ढेर, 1.40 लाख स्पाट फाइन वसूला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा आरएनटी मार्ग स्थित सिल्वर मॉल के तलघर में गंदगी का ढेर मिलने पर चालानी कार्रवाई करते माल की प्रबंध समिति से जुमार्ना वसूल किया गया। ज्ञात हो कि इंदौर की स्वच्छता पहचान कायम रखने के प्रयास के तहत महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश अनुसार सारे शहर में अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट के संग्रहण के कार्य के साथ गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है।

निगम आयुक्त शिवम वर्मा के द्वारा सभी अपर आयुक्त को सुबह के समय जोनल कार्यालय क्षेत्र में भ्रमण कर निरीक्षण के निर्देश दिए गए है। इसी तारतम्य में प्रभारी अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा आज सुबह अपने दौरे के दौरान सिल्वर मॉल में पहुंचे वहां पर उन्हें तलघर में कचरे का ढेर नजर आया। इस पर मिश्रा ने नेहरू स्टेडियम जोनल कार्यालय के सीएसआई कर्मेंद्र को हेवी पेनल्टी करने के निर्देश दिए। इसके बाद सिल्वर मॉल के सोसाइटी मैनेजर पर 1.05 लाख रु एंव एक अन्य पर 35 हजार रुपए स्पाट फाइन की कार्रवाई करते इस तरह से कुल 1.40 लाख रुपए के स्पाट फाइन की वसूली की गई।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक